देवघर
मंगलवार, 30 जनवरी 2024
माघ कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत् 2080
~~मूल्य ₹ 3.00~~ कुल पृष्ठ 12
आमंत्रण मूल्य ₹ 2.00
epaper.indianpunch.com
वर्ष : 43. अंक : 29. रजिस्ट्रेशन : 39728/84

संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

# इंडियन पंच

तल्ख दिखे, निष्पक्ष लिखे

## शिक्षा सचिव के अतिरिक्त प्रभार से के रवि कुमार मुक्त

रांची/एजेंसी। राज्य सरकार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। इसका आदेश कार्मिक विभाग ने सोमवार को जारी कर दिया है। रवि कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के पद पर पदस्थापित हैं। उन्हें शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इसके साथ ही कई अन्य आईएएस अधिकारियों को बदलने की तैयारी है।

हनुमान ध्वज हटाना, कांग्रेस सरकार के पतन ... 9



### अधूरे सपने को साकार करने का दृढ़ संकल्प लें : प्रधानाचार्य

# गोयनका जी के स्मृति पटल पर माल्यार्पण कर की गयी श्रद्धांजलि अर्पित

आसनसोल। संवाददाता



गोयनका जी की स्मृति में विद्यालय परिसर में रविवार को सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विनीता श्रीवास्तव ने गोयनका जी के स्मृति पटल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों को संबोधित करते कहा कि गोयनका जी ने दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के रूप में एक वृहत उद्देश्य को पूर्ण करने का सूत्र उन्हें प्रदान किया है। अब उनका उत्तरदायित्व है कि शत-प्रतिशत देकर उसकी प्राप्ति में अपने हिस्से की भागीदारी दें। उन्होंने छात्रों का आह्वान करते कहा कि आइये हम उनके दिखाये मार्ग पर चल कर उनके अधूरे सपने को साकार करने का दृढ़ संकल्प लें। गोयनका जी अपने जीवनकाल में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देते रहे। केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं वरन समाज सेवक के रूप में भी उन्होंने प्रचुर कार्य किये। उनके दिखाये मार्ग पर चल कर हम सभी उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस अवसर पर समस्त अध्यापक गण, छात्र वृन्द, कार्यालय कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।